सं. 70-2/2020/सीडीबी

भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

निर्माण भवन, नई दिल्ली
दिनांक

सीएडी ऑपरेटर के लिए वॉक इन टेस्ट

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग में संविदा आधार पर सेंट्रल डिजाइन ब्यूरो (सीडीबी) में सीएडी ऑपरेटरों के 06 पदों को भरे जाने हेतु दिनांक **14.04.2021** और **15.04.2021** को वॉक इन टेस्ट आयोजित किया जाना है। ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

पदा का नाम	:	सीएडी ऑपरेटर
पदों की कुल संख्या	:	06 (छह)

न्यूनतम अर्हता:

(क) आर्किटेक्चर/ सिविल ड्राइंग में मान्यता-प्राप्त संस्थान से प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम।

(ख) ऑटो सीएडी (2डी) ड्राफ्टिंग में प्रवीणता।

वांछनीय अर्हता:

(i) आर्किटेक्चर में डिप्लोमा

(ii) ऑटो सीएडी, 3डी व्यूज़ प्रेजेंटेशन में प्रवीणता

(उच्च अर्हता वाले अभ्यर्थी को उनकी उपयुक्ता के अनुसार प्राथमिकता दी जाएगी)।

न्यूनतम अनुभव:

(i) आर्किटेक्चर ऑफिस में कार्य का तीन वर्ष का अनुभव (प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें)

(ii) प्रेजेंटेशन ड्राइंग, सबमिशन ड्राइंग, वर्किंग ड्राइंग, इंटीरियर लेआउट्स आदि की अच्छी जानकारी।

वांछनीय अनुभव:

अस्पताल परियोजनाओं पर कार्य किया हो।

<u>कार्य संबंधी उत्तरदायित्व</u>:

क) अधिकारियों द्वारा दी गई डिजाइन संकल्पना को तैयार करने में सहायता।

ख) म्यूनिसिपल ड्राइंग्स जैसे कि प्रस्तुतिकरण, कम्पलीशन, सर्विसेज ड्राइंग्स आदि को तैयार करना।

ग) प्रेजेंटेशन ड्राइंग्स, वर्किंग ड्राइंग्स, डिटेल ड्राइंग्स आदि तैयार करना।

घ) साइट का मापन करना और माप ली गई ड्राइंग्स आदि को तैयार करना।

ङ) इंटीरियर लेआउट के चित्र बनाना।

च) अपने अधिकारियों द्वारा सौंपे गए कोई अन्य कार्य।

<u>आयु सीमा</u>: 40 वर्ष तक। हालांकि, 65 वर्ष (साक्षात्कार की तारीख तक) तक की आयु के सेवानिवृत सरकारी/निजी क्षेत्र के अधिकारी (जिन्होंने आर्किटेक्चर सेटअप में पहले कार्य किया है) भी आवेदन करने के पात्र होंगे।

<u>संविदा का कार्यकाल</u>: 1 वर्ष (प्रशासनिक अनिवार्यताओं की स्थिति में अवधि को बदला जा सकता है।)
परिलब्धियां: 25,000 रु. प्रतिमाह (समेकित)।

- पद केवल सीडीबी के लिए हैं और कार्य का स्थल नई दिल्ली रहेगा। दिया जाने वाला पारिश्रमिक बिना किसी भत्ते के समेकित और निश्चित है।

- अभ्यर्थी को अर्हता, अनुभव आदि के प्रमाणपत्रों की स्व-प्रमाणित प्रतियों के साथ विधिवत् रूप से भरा गया निर्धारित आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सभी मूल दस्तावेज और दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो व फोटो आईडी साक्ष्य को परीक्षा के समय सत्यापन हेतु लाना होगा।

- आवेदन पत्र निर्धारित तारीख और समय पर वॉक इन टेस्ट हेतु अपनी बारी आने पर प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

<u>चयन प्रक्रिया</u>: अभ्यर्थियों का चयन शैक्षिक अर्हता/वरीयता और लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा।

<u>रिपोर्ट करने की तारीख और समय</u>:

दिन-1: दिनांक 14.04.2021- समय 10.00 पूर्वाह्न से 11.00 पूर्वाह्न, स्वागत द्वार सं. 5, निर्माण भवन, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली, दस्तावेज सत्यापन के लिए,(निकटतम मेट्रो स्टेशनः उद्योग भवन)।

दिन-2: दिनांक 15.04.2021- समय 10.00 पूर्वाह्न से 11.00 पूर्वाह्न, स्वागत द्वार सं. 5, निर्माण भवन, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली, वॉक इन टेस्ट के लिए (निकटतम मेट्रो स्टेशनः उद्योग भवन)।

- **<u>11.00 पूर्वाह्न के बाद अभ्यर्थी के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।</u>**
- **<u>अभ्यर्थियों की ओर से या उनके द्वारा चयन/भर्ती के संबंध में राजनीतिक अथवा अन्य बाह्य प्रभाव डाले जाने पर उसे अयोग्य माना जाएगा।</u>**

(अमित कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष सं. (011)23061323

नोट: -1. पद के लिए वर्ड प्रोसेसिंग, डाटा संकलन के लिए वर्कशीट, बुनियादी विश्लेषण और प्रस्तुतिकरण (पीपीपी) में कंप्यूटर का दक्षतापूर्वक उपयोग अनिवार्य है। आवेदक को इंटरनेट प्रयोग करने का भी अनुभव होना चाहिए।

2. आवेदक को आवश्यकता पड़ने पर मॉनीटरिंग और पर्यवेक्षण के लिए व्यापक रूप से दौरा करने में सक्षम होना चाहिए।

आवेदन पत्र

पद के लिए आवेदन: सीएडी ऑपरेटर (संविदा आधार पर)

स्व प्रमाणित
रंगीन फोटो

1. आवेदक का नाम: (बड़े अक्षरों में)___________________________

2. पिता/पति का नाम: ____

3. माता का नाम:____

4. जन्म की तारीख: ____

5. आयु (दिनांक 14.04.2021 को): _____________वर्ष __________ माह__________ दिन

6. लिंग (पुरूष/महिला):
____

7. शैक्षिक अर्हताएं:

क्र. सं.	शैक्षणिक/ व्यावसायिक योग्यता	संस्थान का नाम	बोर्ड/विश्वविद्यालय	पाठ्यक्रम अवधि/ उत्तीर्ण करने का वर्ष	श्रेणी/ग्रेड/प्रतिशत

8. वांछनीय अर्हताएं:

क्र. सं.	शैक्षणिक/ व्यावसायिक योग्यता	संस्थान का नाम	बोर्ड/विश्वविद्यालय	पाठ्यक्रम अवधि/ उत्तीर्ण करने का वर्ष	श्रेणी/ग्रेड/प्रतिशत

9. अनुभव:

क्र. सं.	पद	संस्थान/नियोक्ता का नाम	से	तक

(जिनके साथ आपने काम किया उनका संदर्भ: नाम : ___________पद ___________ और संपर्क सं. ______________________)

10. प्रशिक्षण/अल्पावधि पाठ्यक्रम में भाग लिया (यदि कोई हो):

11. पुरस्कार और/अथवा उत्कृष्ट उपलब्धियां:

12. संपर्क विवरण:

क. डाक पता:____

ख. स्थायी पता:____

ग. दूरभाष सं.: ____________________(मोबाइल.)____________________

घ. ईमेल-आईडी:____

13. संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज: विधिवत् स्व-प्रमाणित (कृपया टिक करें)

1. डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र ( )

2. अनुभव प्रमाणपत्र ( )

3. आयु प्रमाण ( )

4. अन्य कोई ( )

<u>वचन</u>:

मैं प्रमाणित करता हूं कि उपर्युक्त दी गई सभी सूचना सत्य है और मेरी जानकारी के अनुसार सही है। यदि उपर्युक्त कोई सूचना किसी समय गलत अथवा छुपाई गई पाई जाती है तो, मुझे नियुक्ति के लिए अयोग्य माना जाएगा या कार्य से हटाया जा सकता है।

____

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक: __________________

स्थान: __________________